**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**27.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

**आज के मुख्य समाचार**

- प्रदेश में पंचायती राज चुनाव के पहले चरण का मतदान संपन्न, 78 दशमलव आठ–पांच रहा मतदान प्रतिशत

- कल 28 मई को पंचायती राज संस्थाओं के दूसरे चरण का मतदान होगा, 1 हजार 274 पंचायतों में डाले जाएंगे वोट

- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने प्रदेश के लिए एक विशेष और सुव्यवस्थित धार्मिक पर्यटन सर्किट बनाने पर दिया बल

  और

- मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी के चलते पर्यटकों ने भारी संख्या में किया प्रदेश का रूख–कुल्लू के होटलों में 90 प्रतिशत हुई ओक्यूपेंसी

**पंचायत चुनाव**

प्रदेश में पंचायती राज चुनाव के पहले चरण का मतदान कल संपन्न हुआ, जिसमें 1 हजार 293 ग्राम पंचायतों में चुनाव प्रकिया संपन्न हुई। निर्वाचन आयोग के मुताबिक पहले चरण में 78 दशमलव आठ–पांच प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो वर्ष 2021 में हुए पंचायत चुनावों से ज्यादा है। वर्ष 2021 में पहले चरण में 77 प्रतिशत मतदान हुआ था। अधिक ब्यौरा इस रिपोर्ट में–

**डिस्पैच– पंचायती राज चुनाव के पहले चरण में प्रदेश भर में मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया और 78 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा 84 प्रतिशत मतदान कुल्लू जिला और सबसे कम उन्नहत्तर प्रतिशत लाहौल–स्पीति में दर्ज हुआ। सिरमौर के कमरऊ ब्लॉक की तिलोधर ग्राम पंचायत कुनेर–धमौन में सबसे ज्यादा 97 प्रतिशत वोट पड़े। 10 जिलों में महिला मतदाताओं का प्रतिशत पुरुषों से ज्यादा रहा। कुल्लू में 85: महिलाओं ने वोट डाला। नए मतदाताओं के साथ 80 वर्ष से अधिक आयू के बुजुर्ग भी उत्साह के साथ**

**अलग–अलग स्थानों पर मतदान करने पहुंचे। प्रधान, उप–प्रधान और वार्ड सदस्य के नतीजे देर रात घोषित किए गए हैं।**

**इस बीच, शिमला जिला के रामपुर में नरैन पंचायत के वार्ड नंबर–1 में मतदान प्रकिया के दौरान गंभीर त्रुटी के चलते मतदान स्थगित किया गया। यहां 30 मई को दोबारा मतदान होगा। उपायुक्त शिमला ने गंभीर लापरवाही को देखते हुए पोलिंग पार्टी के चार अधिकारियों को निलंबित किया है। इधर, मंडी जिला के करसोग पंचायत समिति के वार्ड नंबर–12 मेहड़ी में थाच–धर्मा व परलोग पंचायतों का बीडीसी सदस्य का मतदान स्थगित किया गया। यहां मतपत्र पर चुनाव लड़ रहे एक प्रत्याशी का नाम नहीं लिखा गया था। इस वार्ड का चुनाव कल 28 मई को दोबारा करवाया जाएगा। इसके अलावा चंबा जिला की चंबी पंचायत के वार्ड नंबर–3 में उम्मीदवार की मृत्यु के कारण चुनाव स्थगित हुआ।**

**दूसरा चरण**

इस बीच 28 मई को होने वाले पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के दूसरे चरण के लिए सक्रिय चुनाव प्रचार बीते कल दोपहर 3 बजे समाप्त हो गया। इन क्षेत्रों में अब प्रत्याशी व्यग्तिगत रूप से ही प्रचार कर रहे हैं। चुनाव के दूसरे चरण में 1 हज़ार 2 सौ 74 पंचायतों में वोट डाले जाएंगे। तीसरे व आखिरी चरण में 30 मई को मतदान होना है, जिसमें 1 हजार 187 पंचायतों में चुनाव होगा।

**राज्यपाल**

हिमाचल प्रदेश की अपार आध्यात्मिक और पर्यटन क्षमता पर ज़ोर देते हुए राज्यपाल कविंदर गुप्ता ने देव भूमि हिमाचल के लिए एक विशेष और सुव्यवस्थित धार्मिक पर्यटन सर्किट बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि ऐसी पहल न केवल राज्य की आध्यात्मिक पहचान को मज़बूत करेगी, बल्कि रोज़गार के अवसर भी पैदा करेगी, स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी और हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को संरक्षित करेगी। राज्यपाल ने ये बात कल कांगड़ा ज़िला में माँ ज्वाला देवी मंदिर के दर्शन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कही। राज्यपाल ने कहा कि धार्मिक पर्यटन में हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख स्तंभ बनने की क्षमता है। उन्होंने राज्य सरकार, पर्यटन मंत्रालय और सभी संबंधित हितधारकों से आह्वान किया कि वे इन पवित्र स्थलों की पवित्रता और आध्यात्मिक सार को बनाए रखते हुए, तीर्थयात्रियों के लिए विश्व–स्तरीय सुविधाएं विकसित करने की दिशा में मिलकर काम करें।

**मुख्यमंत्री**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा कांग्रेस सरकार पर लगाए गए आचार संहिता के उल्लंघन के आरोपों पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में पूर्व में भी आचार संहिता के बीच कैबिनेट बैठकें होती रही हैं, इसलिए भाजपा को इस पर आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

वहीं, प्रदेश में पर्यटन सीजन को देखते हुए 24 घंटे दुकानें खुली रखने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कारोबारियों को पर्यटन सीजन का पूरा लाभ मिल सके, इसलिए ये निर्णय लिया गया है।

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा मुख्य प्रवक्ता और विधायक राकेश जम्वाल ने कहा है कि केवल चार–पांच दिनों के लिए मुख्य सचिव की नियुक्ति करना राज्य सरकार की गलत कार्यशैली और प्रशासनिक अस्थिरता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि संजय गुप्ता पिछले एक वर्ष से अतिरिक्त कार्यभार के रूप में कार्यवाहक मुख्य सचिव की जिम्मेदारी निभा रहे थे और अब सेवानिवृति से कुछ दिन पहले इनकी मुख्य सचिव के रूप में नियमित नियुक्ति करना सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण पद पर अल्पकालिक नियुक्ति अधिकारियों के मनोबल पर प्रभाव डालेगी।

## कुल्लू पर्यटन

मैदानी क्षेत्रों बढ़ रही तपिश के चलते पर्यटकों ने भारी संख्या में हिमाचल का रूख किया है। कुल्लू जिला में इन दिनों पर्यटन सीजन अपने चरम पर है। यहां होटलों की ओक्यूपेंसी 90 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता–

***डिस्पैच– मनाली सहित जिला के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर प्रतिदिन सैलानियों की संख्या बढ़ती जा रही है। मैदानी इलाकों में झुलसा देने वाली पड़ रही गर्मी से निजात पाने के लिए काफी संख्या में लोगों ने पहाड़ों की ओर रुख किया है तथा यहां के सुहाने मौसम ने भी उन्हें निराश नहीं किया है। पर्यटक यहां पर रोहतांग पास में जाकर जहां बर्फ का दीदार कर रहे हैं वही अटल टनल होते हुए लाहौल की तरफ भी जा रहे हैं। पर्यटक कुल्लू में जहां रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, जिपलाइन व् अन्य गतिविधियों का आनंद ले रहे हैं वही जिला के ग्रामीण इलाकों में स्थित झरनो और प्राकृतिक जल स्त्रोतों पर भी इनकी भारी भीड़ देखी जा सकती है। सैलानियों की बढ़ती आवाजाही से स्थानीय पर्यटन कारोबार को भी बढ़ावा मिला है तथा मनाली के होटलो की ऑक्युपेंसी लगभग 90 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। शाम के समय मनाली के माल रोड में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। वही बहुत ज्यादा संख्या में पर्यटक वाहनों के आने के चलते मनाली में जाम की समस्या भी बढ़ती जा रही है, हालांकि यातायात व्यवस्था को स्थान सुचारू बनाए रखने के लिए मनाली में 25 एसडीआरएफ के जवान भेजे गए है तथा पंचायत चुनाव समाप्त होते ही और भी जवानो की तैनाती की जाएगी।***

## आईपीएल

एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में बीती रात हुए आईपीएल क्वालीफायर वन मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटन्स को 92 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। 255 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटन्स 162 रन पर ही सिमट गई। रजत पाटीदार को नाबाद 93 रन की पारी के लिये प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## सड़क मार्ग

लाहौल और स्पीति को जोड़ने वाली लोसर–ग्राम्फू–चंद्रताल सड़क हल्के वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दी गई है। प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार बीते वर्ष दिसंबर माह से बर्फबारी के चलते बंद इस मार्ग को फिलहाल फोर बाई फोर हल्के वाहनों की आवाजाही के लिए खोला

गया है। अगले कुछ दिनों में सड़क के पूरी तरह तैयार हो जाने पर यहां भारी वाहनों की आवाजाही शुरू की जाएगी। ज़िला प्रशासन ने यात्रियों से प्रशासन द्वारा जारी दैनिक एडवाइजरी का पालन करने की अपील की है। इस सड़क पर यातायात बहाली से लाहौल–स्पीति में चंद्रताल तक पर्यटकों की आवाजाही फिर शुरू हो जाएगी।

**अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज समाचार पत्रों ने पहले चरण के पंचायत चुनाव से जुड़ी खबरों को सचित्र प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–**हिमाचल में लू के बीच रिकॉर्ड 78 दशमलव आठ–तीन प्रतिशत मतदान, 1,293 पंचायतों में चुनी गांव की सरकार।** दैनिक जागरण के शब्द हैं–**ग्रामीण संसद के लिए जमकर पड़े वोट।** हिमाचल दस्तक लिखता है–**कुल्लू में सबसे अधिक 84 और लाहौल–स्पीति में सबसे कम 69 फीसदी मतदान।**

पंजाब केसरी ने खबर दी है–**शिपकी ला दर्रे से 1 जून से फिर शुरू होगा भारत–चीन सीमा व्यापार।** दैनिक भास्कर की सुर्खी है–**रिटायरमेंट से सिर्फ पांच दिन पहले आईएएस संजय गुप्ता बने सीएस, अभी था सीएस का अतिरिक्त कार्यभार।** दैनिक सवेरा टाइम्स की एक खबर है–**धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में राज्यपाल कविंदर गुप्ता ने लिया आईपीएल मुकाबले का आनंद।**

मौसम पर दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–**हिमाचल में भीषण गर्मी, छह जिलों में लू, 28 मई से राहत के आसार।**

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रदेश में पंचायती राज चुनाव के पहले चरण का मतदान संपन्न, 78 दशमलव आठ–पांच रहा मतदान प्रतिशत

- कल 28 मई को पंचायती राज संस्थाओं के दूसरे चरण का मतदान होगा, 1 हजार 274 पंचायतों में डाले जाएंगे वोट

- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने प्रदेश के लिए एक विशेष और सुव्यवस्थित धार्मिक पर्यटन सर्किट बनाने पर दिया बल

  और

- मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी के चलते पर्यटकों ने भारी संख्या में किया प्रदेश का रूख–कुल्लू के होटलों में 90 प्रतिशत हुई ओक्यूपेंसी

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11बजे नमस्कार।**